# SAN MATEO काउंटी
# CALIFORNIA मतदाता पसंद अधनियिम

## जनवरी 2020 - जनवरी 2024 के लिए अनुपूरक
## चुनाव प्रशासनकि योजना

## 14 सितंबर 2021
## कैलफ़िोर्नयिा राज्यपाल प्रत्याह्वान चुनाव





मार्क चर्च का कार्यालय

**मुख्य चुनाव अधिकारी और मूल्यांकनकर्ता-काउंटी क्लर्क-रकॉर्डर**

पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग

40 Tower Road, San Mateo, CA 94402

**फोन** 650.312.5222 **फैक्स** 650.312.5348

**ईमेल** registrar@smcacre.org **वेब** **www.smcvote.org**

@smcvote

यह पृष्ठ जान - बूझकर ख़ाली छोड़ा गया है

# विषय-सूची


**मुख्य चुनाव अधिकारी (Chief Executive Officer) की ओर से संदेश** ....... 1

**चुनाव में बदलावों का संक्षिप्त विवरण** ....... 2

**सुरक्षित मतदान के विकल्प** ....... 2

*डाक द्वारा मतदान करें (Vote by Mail)* ....... 2

*मतदान केंद्र* ....... 2

*कर्बसाइड मतदान* ....... 3

*प्रतिस्थापन मतपत्र* ....... 3

*डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान प्रणाली* ....... 3

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स* ....... 4

*कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ* ....... 4

*मतपत्र की गणना* ....... 4

**मतदाता शिक्षा एवं आउटरीच** ....... 4

*औसत से कम पंजीकरण वाले पोस्टकार्ड लक्षित क्षेत्र* ....... 4

**चुनाव प्रशासनिक योजना 2020 – 2024 परिशिष्ट में किये गये बदलावों का सार** ....... 5

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के स्थान* ....... 5

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान* ....... 5

*सामुदायिक साझेदार* ....... 5

*सामुदायिक समारोहों का कैलेंडर और मीडिया साझेदार* ....... 5

*नए साझेदार तथा* ....... 5

*प्रत्यक्ष मतदाता संपर्क* ....... 5

यह पृष्ठ जान - बूझकर ख़ाली छोड़ा गया है

OFFICE OF
**ASSESSOR-COUNTY CLERK-RECORDER & ELECTIONS**
COUNTY OF SAN MATEO

**MARK CHURCH**
CHIEF ELECTIONS OFFICER &
ASSESSOR-COUNTY CLERK-RECORDER

2 अगस्त, 2021

प्रिय साथी मतदाताओं,

जनवरी 2020 से जनवरी 2024 तक की अवधि के लिए San Mateo काउंटी की चुनाव प्रशासन योजना (EAP) के इस अनुपूरक में 14 सितम्बर, 2021 को होने वाले कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल (पद से हटाए जाने) चुनाव के लिए विशिष्ट योजनाएं शामिल हैं। इस दस्तावेज़ में सीनेट बिल 152 के अंतर्गत चुनाव संहिता के संशोधनों के कारण हमारे EAP में हुए परिवर्तनों पर ध्यान दिलाया गया है तथा COVID-19 महामारी के कारण 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति आम चुनाव की गतिविधियों में लागू किए गए स्थानीय, राज्य और संघ के नवीनतम दिशा-निर्देशों को दर्शाया गया है।

हमारा कार्यालय San Mateo काउंटी के मतदाताओं को सुरक्षित, सुनिश्चित और सुविधापूर्ण चुनाव सेवाएँ मिलना सुनिश्चित करने के लिए CDC के दिशा-निर्देश तथा राज्य और काउंटी के स्वास्थ्य विभाग के COVID-19 संबंधी स्वास्थ्य आदेशों का निरंतर पालन करता है। प्रत्येक मतदान केंद्र, मतदान की समस्त अवधि के दौरान निजी रक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराना और नियमित सफाई कराना जारी रखेगा।

सीनेट बिल 152 पर 28 जून, 2021 को हस्ताक्षर करके इसे कानून बनाया गया था और यह इस चुनाव के लिए हमारी डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (Remote Accessible Vote by Mail, RAVBM) प्रणाली तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करता है। डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) मतदाताओं को इंटरनेट और प्रिंटर की सुविधा युक्त किसी कंप्यूटर का इस्तेमाल कर अपने चयनों पर निशान लगाने और अपने मतपत्रों को प्रिंट करने की सुविधा प्रदान करता है। मतदाता अपने मतदान किए गए मतपत्र डाक के माध्यम से, हमारे 42 मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों में से किसी एक पर या हमारे 20 मतदान केंद्रों में से किसी एक पर और दो पॉप अप मतदान केंद्र स्थानों पर लौटा सकते हैं।

2003 के बाद से यह पहली बार है कि एक राज्यव्यापी रिकॉल चुनाव हो रहा है। रिकॉल मतपत्र में दो प्रश्न शामिल होंगे: क्या गवर्नर को पद से हटाया जाना चाहिए और यदि हाँ, तो उनके स्थान पर कौन आना चाहिए। यदि आप गवर्नर को हटाने के लिए "नहीं" में वोट करते हैं, तो आप फिर भी दूसरे प्रश्न पर वोट कर सकते हैं कि उनके स्थान पर कौन आना चाहिए। प्रतिस्थापन उम्मीदवार के लिए वोटों की गणना केवल तभी की जाएगी यदि मतपत्र डालने वाले 50% से अधिक मतदाता गवर्नर के रिकॉल संबंधी पहले प्रश्न के लिए "हाँ" में वोट करते हैं। 46 प्रतिस्थापन उम्मीदवार मतपत्र पर होंगे। उन उम्मीदवारों के उम्मीदवार वक्तव्य आपकी राज्य मतदाता सूचना गाइड में दर्शाए जाएंगे जो उसमें कोई वक्तव्य शामिल कराने के लिए भुगतान करने का निर्णय लेते हैं। चुनाव संहिता द्वारा, केवल रिकॉल किए जा रहे अधिकारी को ही काउंटी मतदाता सूचना पत्रक में कोई वक्तव्य प्रकाशित कराने का विकल्प प्राप्त है। इस मतपत्र पर न कोई काउंटी स्पर्धाएं हैं और न ही विधेयक हैं। इसलिए, काउंटी नमूना मतपत्र और मतदाता सूचना पत्रक सामान्य की तुलना में अधिक छोटा होगा, लेकिन इसमें फिर भी आपके मतदान के विकल्पों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। यह काउंटी पत्रक 16 अगस्त तक डाक से भेजे जा रहे आपके आधिकारिक 'डाक द्वारा मतदान करें' मतपत्र के साथ आप तक पहुँचेगा।

भले ही आप इस वर्ष गवर्नर के लिए मतदान कर रहे होंगे, फिर भी गवर्नर के लिए नियमित रूप से अनुसूचित प्राथमिक चुनाव जून, 2022 में होगा तथा गवर्नर के लिए आम चुनाव नवंबर, 2022 में होगा। 2022 के मतपत्र पर राज्यव्यापी कार्यालयों के अलावा, स्थानीय पदों के लिए चुनाव होगा।

जैसा कि प्रत्येक चुनाव में होता है, मैं आपको वोट देने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। यह आपका विशेषाधिकार और आपका सार्वजनिक कर्तव्य है।

आपका,

मार्क चर्च (Mark Church)

**चुनाव में बदलावों का संक्षिप्त विवरण**

San Mateo काउंटी पंजीकरण और चुनाव प्रभाग सीनेट बिल 152 के प्रावधानों के तहत 14 सितम्बर 2021 को होने वाले कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल चुनाव के लिए निर्धारित कैलिफोर्निया चुनाव संहिता में परिवर्तनों का पालन करेगा। हम राज्य सचिव द्वारा दिए गए चुनाव प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। हमारे मतदान केंद्रों में मतदाताओं और स्टाफ को सुरक्षित रखने के लिए, हम रोग नियंत्रण केंद्रों के साथ-साथ राज्य और काउंटी स्वास्थ्य विभागों के जन स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।

प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाताओं को रक्षात्मक पद्धतियों संबंधी जानकारी देने तथा मतदान की समस्त प्रक्रिया में मतदाताओं का मार्ग-निर्देशन करने के लिए एक अभिवादन करने वाला/वाली तैनात किया जाएगा। मतदाताओं के लिए अनुरोध करने पर फेस कवरिंग उपलब्ध होंगे। विकलांग शिष्टाचार में प्रशिक्षित व्यक्ति - अभिवादन करने वाले मार्गदर्शन या सहायता प्रदान करने के लिए हर मतदाता लाइन में घूमेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र के अंदर, शारीरिक दूरी बनाए रखने की आवश्यकता के बिना वाले मतदाताओं की सहायता करने के लिए कर्मचारियों के चेक-इन टेबलों पर प्लेक्सीग्लास शील्ड लगी होगी।

सीनेट बिल 152 में 14 सितम्बर, 2021 के कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल चुनाव की निम्नलिखित विशिष्ट अपेक्षाओं का प्रावधान है:

- डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) प्रणाली तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करना।[1]
- चुनाव दिवस पर पोस्टमार्क किए गए डाक द्वारा मतदान मतपत्रों को प्राप्त करने की समय-सीमा को बढ़ाकर चुनाव दिवस के बाद 7वें दिन तक करना।[2]
- चुनाव से पहले 29वें दिन पर डाक द्वारा मतदान मतपत्रों पर कार्रवाई आरंभ करना।[3]

San Mateo काउंटी के मतदाता मेरी चुनाव जानकारी पर हमारी वेबसाइट www.smcvote.org के जरिए जाकर आगे भी इस बात की पुष्टि करते रहेंगे कि कब उनके मतपत्रों को प्राप्त किया गया और कब उनकी गणना की गई। मतदाता डाक द्वारा मतदान वाले मतपत्रों की निगरानी प्रणाली मेरा मतपत्र कहाँ है? के लिए भी साइनअप कर सकते हैं, जो राज्य सचिव द्वारा प्रदान किया जाता है।

San Mateo काउंटी चुनाव दिवस से 29 दिन पहले तीन मतदान केंद्रों को खोलने की अपनी प्रथा को जारी रखेगी।

**सुरक्षित मतदान के विकल्प**

*डाक द्वारा मतदान करें*

वर्ष 2018 में कैलिफोर्निया मतदाता विकल्प अधिनियम को लागू करने वाली पहली पांच काउंटियों में से एक और सम्पूर्ण रूप से, San Mateo काउंटी के पास अपने सभी पंजीकृत मतदाताओं को डाक द्वारा मतदान मतपत्र भेजने की अच्छी व्यवस्था है। इसके बाद मतदाताओं के पास अपने-अपने मतपत्रों को डाक द्वारा लौटाने, हमारे किसी आधिकारिक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स का इस्तेमाल करने या अपने मतपत्र को मतदान केंद्र पर वापस लाने का विकल्प मौजूद होता है। हमारे पास इस चुनाव में जनता के लिए 42 मतपत्र मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स स्थान हैं जो 2020 के राष्ट्रपति के आम चुनाव में 39 से अधिक हैं जिससे मतदाताओं को अपने मतदान किए हुए मतपत्र लौटाने के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प हासिल होते हैं। ड्रॉप-बॉक्स के स्थान उसी मतदाता विकल्प अधिनियम के स्थल मानदंड के तहत चुने जाते हैं जैसे कि मतदान केंद्र चुने जाते हैं।

*मतदान केंद्र*

इस चुनाव में हमारे पास 20 मतदान केंद्र होंगे। सभी 20 मतदान केंद्र, पंजीकरण और चुनाव प्रभाग की मतदान केंद्र के बेहतरीन स्थानों की पहचान पद्धतियों के साथ-ही समावेशी लोकतंत्र के मतदान केंद्र स्थान के स्थल-चयन उपकरण के आधार पर पूरी काउंटी में सुविधापूर्वक स्थित किए जाएंगे। मतदाता विकल्प अधिनियम में वर्णित 15 कारकों के अलावा, मतदान केंद्रों का सर्वेक्षण यह पुष्टि करने के लिए किया गया है कि मतदाताओं के बीच शारीरिक दूरी बनाए रखना संभव हो। सभी मतदान केंद्र स्थान पहुंचनीय हैं।

मतदान केंद्र प्रतिनिधि (Vote Center Representatives, VCRs) ऑनलाइन प्रशिक्षण और व्यक्तिगत प्रशिक्षण - दोनों प्राप्त करेंगे। जहां VCRs की पूर्व में मुख्य भूमिका मतदाताओं को चेक इन करवाना और मतदाताओं को मुद्रित मतपत्र या कार्ड प्रदान करना रही है, ताकि वे मतपत्र मार्किंग टेबलेट (Ballot Marking Tablet, BMT) का इस्तेमाल कर सकें, वहीं VCRs अब मास्क के उपयोग और अपेक्षाओं के संबंध में भी प्रशिक्षित किए जाएंगे। इन अतिरिक्त ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए मतदान केंद्र के कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाएगा।

---

[1] RAVBM प्रणाली का निर्माण विकलांग मतदाताओं, विदेशों में रहने वाले मतदाताओं या सेना तथा/या सैन्य परिवार सदस्य के लिए किया गया था।

[2] मौजूदा कानून के तहत, चुनाव दिवस तक पोस्टमार्क किए गए मतपत्र की प्राप्ति के लिए समय-सीमा चुनाव के दिन के तीन दिन बाद तक की है।

[3] पिछले कानून के तहत, काउंटियाँ डाक द्वारा मतदान वाले मतपत्रों पर कार्रवाई किसी चुनाव से 15 कार्य दिवस पहले आरंभ कर सकती हैं। नतीजे अभी भी तब तक जारी नहीं किए जाएंगे, जब तक कि चुनाव रात्रि पर सभी मतदान स्थल बंद न हो जाए।

सभी VCRs को विकलांगता शिष्टाचार और ग्राहक सेवा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त है। हमारे विकलांगता संवेदनशीलता जागरूकता प्रशिक्षण में उल्लिखित सिद्धांतों में शिष्टाचार को अमल में लाना, सहायता की पेशकश करना तथा मतदाता को अपेक्षित सहायता स्पष्ट करने का अवसर देना शामिल है।

चुनाव दिवस पर लंबी कतारों से बचने के लिए हम सभी मतदाताओं को जल्दी मतदान करने का सुझाव देते हैं।

*कर्बसाइड मतदान*

कर्बसाइड मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रत्येक मतदान केंद्र में एक घंटी के साथ सूचनात्मक संकेत लगा होगा, जिसे थपथपाने या किसी वाहन की खिड़की से हल्के से छूने से सक्रिय किया जा सकता है। VCRs घंटी को सुनेंगे और फिर मतदाता(ओं) के लिए एक चेक-इन फॉर्म के साथ सेनिटाइज़ किया गया क्लिपबोर्ड और पेन उपलब्ध कराएंगे। मतदाता, फॉर्म को भरने के लिए VCR से मौखिक रूप से जानकारी प्रदान करने का अनुरोध कर सकता है।

मतदाता की पसंद के आधार पर, दो लोग (या तो दो स्टाफ या एक स्टाफ सदस्य और मतदाता का सहायक) निम्न कार्य करेंगे:

1. मतदाता के लिए डाक द्वारा मतदान करें पैकेट-पार्सल बनाएंगे, जिसे डाक से भेजा जा सकता है, किसी बाहरी ड्रॉप बॉक्स में डाला जा सकता है या किसी मतदान केंद्र पर वापस लाया जा सकता है।
2. मतदाता के लिए कागज़ी मतपत्र गुप्त फोल्डर में लाएंगे और मतदाता द्वारा अपने मतपत्र पर निशान लगाए जाने के बाद, सहायक टीम वोट किए गए मतपत्र को मतपत्र बॉक्स में डाल देगी।
    - अतिरिक्त गोपनीयता के लिए, एक सशर्त मतदाता पंजीकरण (Conditional Voter Registration, CVR) मतपत्र जारी किया जा सकता है ताकि मतदाता अपना मतदान किया गया मतपत्र लिफाफे के अंदर सीलबंद कर सके और इसे मतपत्र बॉक्स में डाल सके। स्टाफ के लिए आवश्यक होगा कि वह CVR लिफाफे के बाहर तारीख और अपने संक्षिप्त हस्ताक्षर के साथ इसे एक वैध मतपत्र के रूप में अंकित करे।
    - यदि मतदाता मतपत्र को सीधे मतपत्र बॉक्स में डालते हुए देखने का अनुरोध करता है, तो स्टाफ मतदान केंद्र के प्रमुख से सीलबंद मतपत्र बॉक्स को कार में बाहर लाने के लिए दो स्टाफ सदस्य भेजने का अनुरोध करेगा।[4]

हमारे 30-दिन, 11-दिन के मतदान केंद्रों में तथा Foster सिटी और Menlo Park के 4-दिन के मतदान केंद्रों में, यदि कोई मतदाता स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए एक BMT की अपेक्षा करता है, तो दो लोग (या तो दो स्टाफ या एक स्टाफ सदस्य और एक मतदाता का सहायक) उनके वाहन तक लाए जाने के लिए एक BMT और एक प्रिंटर की पेशकश कर सकते हैं। मतपत्र ऊपर दिए गए वापसी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए डाला जाएगा।

*प्रतिस्थापन मतपत्र*

जबकि मतदाता प्रतीक्षा समय में कमी करने के लिए इस चुनाव के लिए 7 सितंबर तक प्रतिस्थापन मतपत्रों को डाक से भेजे जाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं या इसे लाने के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर जा सकते हैं, वहीं मतदाता 30-दिन के किसी मतदान केंद्र पर जाने से पहले प्रतिस्थापन मतपत्र के पिकअप के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं (सूची परिशिष्ट में दी गई है)। मतदाता हमारी वेबसाइट, www.smcvote.org पर अनुरोध फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं अथवा वे पिकअप से एक दिन पहले 650.312.5222 पर कॉल/टेक्स्ट कर अनुरोध दर्ज कर सकते हैं और पिकअप करने के स्थान का चयन कर सकते हैं। जब उनका मतपत्र पिकअप करने के लिए तैयार हो जाता है, तो उन्हें स्थान-विशेष के निर्देशों वाला एक ईमेल प्राप्त होगा।

*डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान प्रणाली*

इस चुनाव के लिए, सभी मतदाता डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (Remote Accessible Vote by Mail, RAVBM) प्रणाली का इस्तेमाल कर इंटरनेट एक्सेस और प्रिंटर से लैस किसी भी कंप्यूटर से अपने मतपत्र को सुरक्षित रूप से एक्सेस, चिह्नित और प्रिंट कर सकते हैं। मतदाताओं को हस्ताक्षर किया हुआ 'मतदाता का शपथ' फॉर्म अवश्य लौटाना चाहिए या आधिकारिक मतपत्र पैकेट के भीतर दिए गए डाक-खर्च अदा किए जा चुके वापसी के लिफाफे पर हस्ताक्षर अवश्य करने चाहिए। यह सेवा विकलांग मतदाताओं के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से अपने मतपत्र प्राप्त करने और चिह्नित करने का एक मतदान विकल्प रहा है। इसने विदेशी मतदाताओं और सैन्य मतदाताओं को समय पर मतदान करने का एक तरीका प्रदान किया है। COVID-19 महामारी से निपटने में इस सेवा का विस्तार सभी मतदाताओं तक सफलतापूर्वक किया गया था, ताकि 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनाव के लिए उनके लिए मतदान करना ज्यादा से ज्यादा आसान और सुगम हो सके।

[4] यह विकल्प तब उपलब्ध नहीं है यदि मतदान केंद्र में केवल एक मतपत्र बॉक्स है।

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स*
16 अगस्त से, मतदाता के पास 42 ड्रॉप बॉक्स स्थानों तक पहुँच होगी जो पूरी काउंटी में सुविधाजनक रूप से स्थित हैं। 33 मतपत्र ड्रॉप बॉक्सों का स्थान आउटडोर है, जहां उनका 24/7 इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रत्येक बॉक्स सुरक्षित है, जिसके इंडोर ड्रॉप बॉक्स में सुरक्षा लॉक और फास्टनिंग केबल्स लगे होते हैं और आउटडोर बॉक्स स्टील से निर्मित होते है और कंक्रीट में जमे होते हैं। सभी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स और उनके स्थान विकलांग मतदाताओं के लिए शारीरिक रूप से सुलभ हैं।

*कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ*
कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ ने मतदाताओं के लिए मतदान की प्रक्रिया में तेज़ी ला दी है क्योंकि वे अपने वाहन से बाहर निकलने की बजाय मतदान केंद्र के स्टाफ के साथ अधिक तेजी से और सुविधापूर्वक अपना मतपत्र डाल सकते हैं। इसने शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए उनका मतपत्र किसी आधिकारिक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में डालने के लिए एक अन्य विकल्प भी उपलब्ध कराया है। कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ, चुनाव के दिन इन 10 मतदान केंद्रों पर उपलब्ध होगा:

| | |
|---|---|
| Burlingame | Daly सिटी |
| Foster सिटी | Menlo Park |
| Millbrae | Pacifica |
| Redwood सिटी | San Bruno |
| San Mateo | South San Francisco |

*मतपत्र की गणना*
पंजीकरण और चुनाव प्रभाग के पास वह स्टाफ और तकनीक मौजूद है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतपत्र सही और कारगर तरीके से गिने जाएं। सीनेट बिल 152 के अनुसार, प्रभाग 14 सितम्बर, 2021 के कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल के चुनाव के लिए संभवत: चुनाव के दिन से 29वें दिन पर 'डाक द्वारा मतदान' मतपत्रों पर कार्रवाई करना आरंभ कर सकता है।

**मतदाता शिक्षा एवं आउटरीच**

*औसत से कम पंजीकरण वाले पोस्टकार्ड लक्षित क्षेत्र*
पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग लगभग 100,000 घरों को चार भाषाओं में पंजीकरण की सूचना के साथ डाक द्वारा एक पोस्टकार्ड भेजेगा। ये पोस्टकार्ड Daly सिटी, East Palo Alto, Menlo Park, Redwood सिटी, San Bruno, South San Francisco और अनिगमित काउंटी क्षेत्रों के हिस्सों में USPS प्रत्येक दरवाजा प्रत्यक्ष मेल (USPS Every Door Direct Mail) के जरिए भेजे जाएंगे।

**चुनाव प्रशासनिक योजना 2020 – 2024 परिशिष्ट में किये गये बदलावों का सार**

*प्रस्तावित मतदान केंद्र स्थान*

चुनाव प्रभाग, सीनेट बिल 152 के अनुसार 14 सितम्बर, 2021 को कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल चुनाव आयोजित करेगा। हम चुनाव दिवस से 11 दिन पहले 8 मतदान केंद्र खोलेंगे। काउंटी के नमूना मतपत्र और मतदाता सूचना पत्रक को 'डाक द्वारा मतदान' मतपत्र में शामिल किया जाएगा।

मतदाताओं की अनुमानित कम उपस्थिति के कारण, मतदान केंद्रों की संख्या 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति के आम चुनाव के दौरान 45 से कम करके इस चुनाव के लिए 20 मतदान केंद्र और 2 पॉप-अप मतदान केंद्र कर दी जाएगी।

हमारे 20 मतदान केंद्रों में से 18 का उपयोग 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति आम चुनाव में किया गया था। नए मतदान केंद्र हैं: San Bruno में Belle Air एलीमेंटरी स्कूल और Belmont में Twin Pines Lodge.

नए मतदान केंद्र समान चयन मानदंड: कैलिफोर्निया के मतदाता विकल्प अधिनियम में 15 चयन मानदंड, सामुदायिक इनपुट और समावेशी लोकतंत्र के मतदान स्थान तलाश उपकरण केंद्र के साथ चुने गए थे।

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान*

हमने आउटडोर 24/7 स्थानों की संख्या नवम्बर, 2020 में 29 से बढ़ाकर 14 सितम्बर 2021 के कैलिफोर्निया के गवर्नर के रिकॉल चुनाव के लिए 34 कर दी है। स्थानों का चयन समान चयन मानदंडों: कैलिफोर्निया का मतदाता विकल्प अधिनियम और सामुदायिक इनपुट में चयन मानदंड से किया गया था।

*सामुदायिक साझेदार, सामुदायिक समारोहों का कैलेंडर और मीडिया साझेदार, नए साझेदार तथा*

समारोह हमारे ऑनलाइन परिशिष्ट में जोड़े जाएंगे।

नए मीडिया साझेदारों में संभवत: इंडिया करेन्ट न्यूज़पेपर, रेडियो ज़िन्दगी 1170 एएम रेडियो, बॉली 92.3 एफएम रेडियो, पीटीसी नेटवर्क पंजाबी टेलीविज़न या नमस्ते टीवी और यथा निर्धारित अन्यों को शामिल किया जा सकता है।

*प्रत्यक्ष मतदाता संपर्क*

पोस्टकार्ड 1 में खोले गए मतदान केंद्रों की तारीख और खोले गए केंद्रों की संख्या के साथ-साथ अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए एक वेबसाइट और फोन नंबर दिया गया है।

पोस्टकार्ड 2 में अपने मतपत्र न लौटाने वाले या व्यक्तिगत रूप से वोट न करने वाले मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए शेष बचे समय और उनके मतदान के विकल्पों के बारे में याद दिलाया जाएगा।